प्रादेशिक समाचार
दिनांक–02.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए देश की ब्यूरोक्रेसी और प्रशासनिक मॉडल को पूरी तरह से नागरिक–केंद्रित होना होगा। कर्मयोगी साधना सप्ताह को एक वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आज नागरिक देवो भव का मूल मंत्र दिया। श्री मोदी ने क्षमता निर्माण आयोग और मिशन कर्मयोगी की तारीफ करते हुए कहा कि विकसित भारत की इमारत सिर्फ ईंट–पत्थरों के बुनियादी ढांचे पर नहीं, बल्कि देश के समर्पित और उत्तरदायी मानव संसाधन के बल पर ही खड़ी होगी।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और उनके सहयोगी संजीव को जमानत देने से इनकार कर दिया है। ये दोनों ग्रामीण विकास विभाग के निविदाओं में कथित कमीशन लेने और धन–शोधन के आरोप में मई 2024 से न्यायिक हिरासत में हैं। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ ने निर्देश दिया कि प्रमुख गवाहों के बयान चार सप्ताह के भीतर दर्ज किए जाएं। न्यायालय ने यह भी कहा कि गवाहों की जांच पूरी होने के बाद अगली सुनवाई की तारीख तय की जाएगी।

****

लातेहार में नक्सली संगठन जेजेएमपी के पांच लाख रुपये के इनामी सब जोनल कमांडर सुरेंद्र लोहरा ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। उसने पलामू आईजी शैलेंद्र सिन्हा और एसपी कुमार गौरव की मौजूदगी में सरेंडर किया। पुलिस अधिकारियों ने बुके देकर मुख्यधारा में लौटने पर उसका स्वागत किया। पुलिस ने उसे पांच लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक सौंपा है। आईजी शैलेंद्र सिन्हा ने अन्य बचे नक्सलियों से भी मुख्यधारा में लौटने की अपील की है।

****

चतरा के टंडवा स्थित आम्रपाली कोल परियोजना के सेरनदाग में भूमि अधिग्रहण विवाद अब केंद्र सरकार तक पहुंच गया है। सांसद काली चरण सिंह ने कोयला सचिव को पत्र लिखकर समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिना कोयले वाली 297 एकड़ जमीन का गलत अधिग्रहण और त्रुटिपूर्ण मानचित्र ग्रामीणों के बड़े विस्थापन का कारण बन रहा है।

****

जमशेदपुर पुलिस की नई पहल के तहत अब ग्रामीण इलाकों के लोगों को अपनी शिकायत लेकर शहर नहीं जाना पड़ेगा। एसएसपी के निर्देश पर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग अब हर बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक घाटशिला अनुमंडल कार्यालय में बैठकर सीधे ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे।

****

रांची के सोनाहातु के सारयाद गांव में कुएं में गिरे हाथी को वन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाल लिया है। हालांकि, कुएं के मालिक द्वारा मुआवजे की मांग को लेकर करीब दो घंटे तक नोकझोंक होती रही। वन विभाग द्वारा सहायता राशि के भुगतान के बाद जेसीबी की मदद से रेस्क्यू पूरा हुआ।

****

राज्य में आज मौसम शुष्क और आसमान साफ है। तापमान में हल्की बढ़ोतरी से गर्मी बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार कल भी मौसम ऐसा ही रहेगा। हालांकि, 4 अप्रैल से मौसम करवट लेगा और छह अप्रैल तक राज्य के कई इलाकों में तेज हवा, मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना जताई गई है।

****

छत्तीसगढ़ के सरगुजा में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में चतरा की पूनम उरांव ने कुश्ती के 50 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। 9 साल के संघर्ष और चोटों को मात देते हुए, उन्होंने फाइनल में तेलंगाना की गीता को हराकर यह ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है।

*********समाप्त***************